**Need to confer Bharat Ratna on former PM Late Shri Chandrasekhar-laid**

श्रीमती लवली आनंद **(**शिवहर**) :** देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री चंद्रशेखर जी एक प्रखर विचारक,समाजवादी,ओजस्वी वक्ता, अपने सिद्धांतों के प्रति दृढ़ रहना, सार्वजनिक जीवन में सच्चाई और पूर्ण ईमानदारी,सादगी,जनकल्याण के लिये पूर्ण सेवा की भावना और कुशल राजनीतिक व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे । उनका जीवन राष्ट्रीय एकता,लोकतंत्र और मानव कल्याण के लिये आजीवन संघर्ष पूर्ण ही रहा है प्रधानमंत्री के रूप मे देश की आर्थिक संकट की घड़ी में साहसिक निर्णय लिये और देश को स्थिरता प्रदान करने का काम किया । माननीय श्री चंद्रशेखर जी के प्रसिद्ध ?भारत यात्रा? में देश के जन?जन के काफी करीब आ गये क्योंकि उन्हें जनता को नजदीक से समझने का मौका मिला,आज भी कुछ युवा नेता माननीय श्री चंद्रशेखर जी की "भारत यात्रा? का अनुसरण कर रहे है और आगे भी ऐसा होता रहेगा-क्योंकि वे हमारे प्रेरणा के स्रोत है । उनका पूरा जीवन राजनीतिक सोंच और अंतिम सांस तक राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखने के लिये जाना जायेगा । अत: मैं श्री चंद्रशेखर जी को देश के राजनीतिक जीवन में महान योगदान को ध्यान में रखते हुए ऐसे महान महापुरुष, राजनेता को जल्द से जल्द देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान ?भारत रत्न? से सम्मानित करने की मांग करती हूँ । आशा है कि सरकार इस विषय मैं यथाशीघ्र निर्णय लेने का काम करेगी ।